
# आज



नितिन गडकरी

अच्छी सड़कोंके लिए चुकाना होगा टोल टैक्स



राजनाथ सिंह

मेक इन इंडियाको बढ़ावा देनेके लिए नयी पहल

लखनऊ, बुधवार १७ जुलाई २०१९ सौर १ श्रावण सं २०७६ वि। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य २.०० रुपये




## मोनेरेको एसोसियेश के लखनऊ चेप्टर ने किया वृक्षारोपण

लखनऊ,मंगलवार। मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान लखनऊ चैप्टर के अल्यूमनाइ के तत्वाधान मे माँ चन्द्रिका देवी धाम् परिसर में 50 से अधिक सदस्य व परिवार उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया तथा मैगो पाट्री बड़े उत्साह से मनाई। उक्त अवसर पर लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष, डॉ भरत राज सिंह, कोषाध्यक्ष, इं. वीसी राय तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इं. मनजीत सिंह अरोड़ा ने सभी आगन्तुक व इन्जीयर बन्धुओं तथा उनके परिवार का स्वागत किया ।इसी क्रम में माँ चन्द्रिका देवी धाम परिसर, जहा पर नवरात्रि के मेले के समय लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होती है, पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों मे चेतना जागृत करने और उन्हें अधिक से अधिक पृथ्वी को हरा.भरा रखने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। चन्द्रिका देवी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष व ग्राम. प्रधान ने मोनरोको एसोसियेशन द्वारा दिये गये डोनेशन और उनके चन्द्रिका देवी धाम परिसर को हरा.भरा करने के इस प्रयास की भूरि.भूमि प्रशंसा की। उक्त कार्यक्रम के पश्चात मोनेरको एसोएयेशन के सदस्यों ने उसके आस.पास के आम के बगीचों का भ्रमण भी किया।